Ans. (a) – मेजर शैतान सिंह का जन्म जोधपुर राजस्थान में हुआ था। ये 1962 के भारत-चीन युद्ध (18 नवम्बर 1962) में शहीद हो गए थे। इन्हें 1963 में मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

843. आधुनिक राजस्थान का निर्माणकर्त्ता किसे कहा जाता है-

(a) जयनारायण व्यास (b) विजयसिंह पथिक
(c) मोहनलाल सुखाड़िया (d) भोगीलाल पाण्ड्या

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (c) – मोहन लाल सुखाड़िया राजस्थान के एक सुप्रसिद्ध राजनीतिज्ञ थे। यह 17 वर्षों तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। अपने कार्यकाल (1954-71 ई.) के दौरान इन्होंने राजस्थान में व्यापक स्तर पर सुधार एवं विकास कार्य किया। इसीलिए उन्हें 'आधुनिक राजस्थान का निर्माणकर्ता' भी कहा जाता है।

844. राजस्थान के लौह पुरुष कौन माने जाते हैं-

(a) जमनालाल बजाज (b) जयनारायण व्यास
(c) मोहनलाल सुखाड़िया (d) दामोदर लाल व्यास

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (d) – दामोदर लाल व्यास को राजस्थान का लौह पुरुष माना जाता है। यह राजस्थान के प्रमुख राजनीतिज्ञों में से एक थे। यह मालपुरा विधानसभा से वर्ष 1952,1957 तक व वर्ष 1967 में विधायक बने। इन्होने अपने खास राजनीतिक मुकाम से टोंक जिले (जन्मस्थान) का नाम रोशन किया।

845. 'विद्यार्थी यूथ लीग' (1929 ई.) की स्थापना दिल्ली में किसने की -

(a) टीकाराम पालीवाल (b) मास्टर आदित्येन्द्र
(c) जानकी देवी बजाज (d) माणिक्यलाल वर्मा

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) – 'विद्यार्थी यूथ लीग' की स्थापना दिल्ली में 1929 में टीकाराम पालीवाल के द्वारा की गई थी। टीकाराम पालीवाल राजस्थान के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री बने। जानकी देवी बजाज 1944 ई. में जयपुर प्रजामण्डल अधिवेशन की अध्यक्ष थी। माणिक्यलाल वर्मा ''मेवाड़ प्रजामण्डल'' के संस्थापक थे।

846. जाम्भोजी जहाँ प्रवचन करते थे, वह क्या कहलाता था?

(a) सथारी (b) सबद
(c) वाणी (d) शील

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (a) – संत जाम्भोजी का जन्म 1451 ई. में नागौर में हुआ था, जिन्हें विश्नोई समाज 'विष्णु का अवतार' मानता है। जाम्भोजी के प्रवचन स्थल को 'सथारी' कहा जाता है। इनके निर्वाण स्थल को 'लालसर' कहा गया। बीकानेर के मुकाम में इनका निधन हुआ।

847. राजस्थान की पहली महिला पायलट कौन थी?

(a) कल्पना चावला (b) प्रतिभा पूनिया
(c) प्रिया शर्मा (d) नम्रता भट्ट

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (d) – राजस्थान के जयपुर की निवासी 'नम्रता भट्ट' राजस्थान की पहली महिला पायलट थी। नम्रता भट्ट भारतीय एयरलाइंस 'किंग फिशर एयरलाइंस' में पायलट हैं। जबकि राजस्थान की पहली महिला कामर्शियल पायलट के रूप में पारूल शेखावत को जाना जाता है।

848. छगन बेन ने अपनी सर्वोदयी गतिविधियों के लिए राजस्थान का कौन सा क्षेत्र चुना?

(a) टोंक का वनस्थली (b) सीकर का लक्ष्मणगढ़
(c) जोधपुर का खींचन (d) झुन्झुनू का पिलानी

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (c) – जोधपुर का खींचन गाँव 1961 ई. में तब सुर्खियों में आया था, जब छगन बेन गोलेच्छा ने इस गाँव की सरपंच बनकर इतिहास रच दिया, क्योंकि छगन बेन राजस्थान में सरपंच बनने वाली पहली महिला प्रधान थी।

849. किस रम्मत कलाकार ने महात्मा गांधी को 'स्वतंत्र बावनी' पुस्तक भेंट की थी?

(a) तेज कवि जैसलमेरी (b) तुलसीराम
(c) फागू महाराज (d) सुआ महाराज

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (a) – वर्ष 1938 में तेज कवि जैसलमेरी ने 'स्वतंत्र बावनी' नामक पुस्तक की रचना की और उसे महात्मा गांधी को भेंट किया। इन्होंने श्रीकृष्ण कंपनी के नाम से रम्मत का अखाड़ा शुरू किया था।

850. मत्स्य संघ की बृहत् राजस्थान का हिस्सा बनाने के लिए गठित की गई समिति थी-

(a) हीरालाल शास्त्री समिति
(b) पी. सत्यनारायण राव समिति
(c) डॉ. मोहन सिंह मेहता समिति
(d) डॉ.शंकरराव देव समिति

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (d) – डॉ. शंकरराव देव समिति का गठन वृहत राजस्थान में मत्स्य संघ के विलय के लिए किया गया था। इन्हीं की सिफारिश के आधार पर मत्स्य संघ को वृहत राजस्थान में मिलाया गया था।

851. स्वतंत्रता पूर्व भीलवाड़ा में महिला आश्रम की स्थापना किसने की?

(a) नारायणी देवी वर्मा (b) रतन शास्त्री
(c) शांता त्रिवेदी (d) सत्यवती शर्मा

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)